प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,

आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश सरकार ने गेहूं विक्रय प्रक्रिया को बनाया आसान : 100 कुंतल तक गेंहू बिना सत्यापन के बेच सकेंगे किसान।
2. उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक आज अयोध्या में भाजपा के गांव चलो अभियान में हुए शामिल : कहा– सरकार की नीतियों से सुधरा है गरीबों का जीवनस्तर।
3. मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने आज लखनऊ में कहा– विद्युत क्षेत्र में सुधार के बिना संभव नहीं विकसित भारत की संकल्पना।

और

4. प्रदेश भर में चत्र पूर्णिमा पर आज मनाया जा रहा ह हनुमान जन्मोत्सव : जगह–जगह निकाली गई शोभा यात्रा, अयोध्या में बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु।

————————

प्रदेश में सरकारी क्रय केंद्रों पर जारी गेहूं खरीद के बीच किसानों के हित में सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। खाद्य व रसद विभाग ने सत्यापन प्रक्रिया को सरल बनाते हुए 100 कुंतल से ऊपर गेहूं विक्रय पर किसानों को सत्यापन से छूट दे दी है। पंजीकृत किसान सत्यापन के बिना भी 100 कुंतल तक गेहूं बेच सकते हैं। किसान

अनुमानित उत्पादन के 3 गुने तक बिक्री कर सकेंगे, जिससे अभिलेखों में त्रुटि होने पर भी गेहूं बेचने में उन्हें परेशानी न हो। गेहूं की बिक्री के लिए किसानों को खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल fcs.up.gov.in या विभाग के मोबाइल ऐप UP KISAN MITRA पर पंजीकरण और नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी करनी है।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में पूर्व राज्यपाल लालजी टंडन की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान श्री योगी ने कहा कि पूर्व राज्यपाल लालजी टंडन ने प्रदेश और देश की राजनीति में लगभग 7 दशक तक अपनी एक मजबूत पहचान बनाकर रखो। बाइट.....

*उनके लिये पीड़ित कोई भी हो, किसी भी दल का हो, अगर उसके पास जाता था, टंडन जी के लिये उसके लिये पार्टी की सीमाएं बाधा नहीं बनती थी। उसकी मदद जरूर करते थे। हर पीड़ित की मदद करने के लिये खड़े रहते थे। एक संवेदना उनके मन में दिखती थी। लेकिन अपने मूल्यों ओर अपने आदर्शो से कभी विचलित न हो करके हर समय दूसरे की मदद के लिये तैयार रहते थे ओर यहां के सार्वजनिक जीवन में मंत्री के रूप में सांसद के रूप में, उनकी इसकी महत्व को सभी लोगों ने महसूस किया।*

————————

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक आज अयोध्या के भवानीपुर गांव में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस समारोह के अन्तर्गत गांव चलो अभियान के समापन

कार्यक्रम में शामिल हुए । इस दौरान श्री पाठक ने कहा कि भाजपा ने सर्व समाज को जोड़ने का काम किया है। सरकार की योजनाओं से गरीबों को लाभ मिला है। बाइट...

*भारतीय जनतापार्टी देश के अंदर एक मात्र ऐसी पार्टी है जो लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती देते हुए सर्व समाज को जुड़ते हुए जन जन को माननीय मोदी जी की माननीय योगी जी की योजनाओं को पहुंचाने का काम कर रही है गरीब कल्याण योजनाओं के माध्यम से भारतीय पार्टी ने जीवन इस स्तर गरीब आदमी का उपर उठाने में कामयाबी हासिल की। आज हम कह सकते हैं हर गरीब को पक्का मकान, शौचालय, पेयजल के अलावा किसान सम्मान निधि के साथ–साथ 5 लाख तक के निशुल्क की इलाज की गारंटी सहित सैकड़ों ऐसी योजनाएं हैं जिससे हम गरीब आदमी के जीवन इस तरह को ऊपर उठाने में कामयाब हुए हैं।*

————————

विद्युत वितरण क्षेत्र में सुधार और निजीकरण के विभिन्न पहलुओं का लेकर आज लखनऊ में क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों एवं भागीदार संस्थाओं ने एक सेमिनार में गहन विचार विमर्श किया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश की प्रगति और जनता की भलाई के लिए विद्युत क्षेत्र में रिफॉर्म्स आज समय की मांग हैं। खासतौर पर दक्षिणांचल और पूर्वांचल डिस्कॉम्स में तत्काल रिफॉर्म्स किए जाने के लिए प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यदि हम आज विकसित भारत और ग्रोथ की बात कर रहे हैं तो यह विद्युत क्षेत्र में रिफॉर्म्स किए बिना संभव नहीं। इस दौरान, विभिन्न प्रदेशों के विद्युत वितरण से जुड़े विशेषज्ञों ने अपने

प्रदेशों में सुधार और निजीकरण की सफलता को साझा किया।

————————

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज कुशीनगर में भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण मन्दिर में तथागत भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की तथा चीवर चढ़ाया। उन्होंने कहा कि पालि भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बौद्ध धर्म के प्रति अपना सम्मान ज्ञापित किया है। इसके बाद उपमुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वक्फ संशोधन कानून ऐतिहासिक है। इसके दूरगामी परिणाम होंगे और गरीब मुसलमानों को इससे फायदा मिलेगा। बाइट....

*वक्फ बिल संशोधन जो लोकसभा, राज्यसभा से पास हो करके अब ते कानून का रूप ले चुका है उसका मैं स्वागत करता हूं और यह ऐतिहासिक बिल है इसके दूरगामी परिणाम होंगे। गरीब मुसलमानों को बहुत फायदा होगा, माफिया मुसलमानों को नुकसान होगा।*

————————

प्रदेश सरकार ने आम जनता की सेहत को ध्यान में रखते हुए एक बड़ी पहल की है। प्रदेश के 17 नगर निगमों में घर–घर जाकर नल के पानी की जांच की जा रही है। खास बात ये है कि इस अभियान की कमान महिलाओं ने संभाली है। जिन्हें अमृत मित्र नाम दिया गया है। अमृत 2.0 योजना और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की 788 महिलाओं को विशेष रूप से

प्रशिक्षित कर इस काम में लगाया गया है। अमृत मित्र महिलाएं न सिर्फ घर–घर जाकर पानी की जांच कर रही हैं, बल्कि लोगों को शुद्ध पेयजल के महत्व के बारे में जागरूक भी कर रही हैं।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं उपकरण उपलब्ध कराने के लिए आनलाइन आवेदन मांगा है। प्रयागराज के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अशोक कुमार गौतम ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार के गरीब दिव्यांगों को 15 हजार रुपए तक के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना का लाभ पाने के लिए विभागीय वेब पोर्टल पर आनलाइन आवेदन के लिए पंजीकरण करना हागा।

—————————

प्रदेश सरकार ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए एक अनूठी पहल शुरू की है, जो ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता की नई राह दिखाएगी। सौर ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के साथ प्रदेश में 10 हजार पर्यावरण सखियों को प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ने की योजना बनाई गई है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि अगले तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश को सौर ऊर्जा और महिला सशक्तीकरण का केंद्र बनाने का एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया है। इस रणनीति के तहत हर मंडल में सौर उत्पाद निर्माण इकाइयों की स्थापना है। प्रदेश में कुल 18 मंडलों को कवर करते हुए इन इकाइयों के माध्यम से 540 महिलाओं को सीधे रोजगार प्रदान किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।*

—————————

प्रदेश भर में आज श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ चैत्र पूर्णिमा पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। वाराणसी के संकट मोचन मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना की। शामली, पीलीभीत, उन्नाव, मथुरा, गाजीपुर में भी हनुमान मंदिरों में भक्तों ने दर्शन पूजन किया। अयोध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हनुमान गढ़ी मंदिर में हनुमान जी के दर्शन कर रहे हैं। राम मंदिर में रामलला का छठी उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अनन्य भक्त और सेवक हनुमान जी की जयंती पर अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी हुई है, दक्षिण परंपरा पर आधारित अयोध्या के ऐतिहासिक और पौराणिक काले राम मंदिर में सुबह दक्षिणाभिमुख हनुमान जी का अभिषेक कर पूजा आरती की गई और नारद संकीर्तन के साथ ही एक भंडारे का भी आयोजन किया गया, उधर ऐतिहासिक हनुमानगढ़ी पर भीड़ के चलते श्रद्धालुओं को अलग–अलग लाइन के माध्यम से जत्थे–जत्थे में छोड़ा जा रहा है, इसके अतिरिक्त अन्य मंदिरों में भी हनुमान जी की जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

————————

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारो है। मौसम विज्ञान विभाग, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि निचले क्षोभ मंडल में आ रही पुरवा हवाओं की पश्चिमी विक्षोभ से हो रही प्रतिक्रिया के चलते ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है। बाइट.....

*पिछले 9 अप्रैल से प्रदेश में विक्षोभ मंउल में आ रही पूर्वा हवाओं के पश्चिमी विक्षोभ के साथ हो रही प्रतिक्रिया के कारण मौसम में घटनायें परिलक्षित हो रही है इसी क्रम में आज भी प्रदेश में मेघ गर्जन एवं व्रजपात के साथ कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है तथा प्रदेश के दक्षिणी बुन्देलखंड क्षेत्रों में मध्यवर्तीय इलाकों एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के तराई इलाकों में कहीं–कहीं 60 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज झोंकेदार हवायें चलने या धूलभरी आंधी चलने एवं ओलावाष्ट होने की संभावना है। इन मौसम परिस्थितियों में 13 अप्रैल से सुधान होना आरम्भ हो जायेगा।*

————————

आईपीएल टी20 क्रिकेट में, आज लखनऊ सुपर जायंट्स ने रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हरा दिया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में पहले खेलते हुए गुजरात टाइटंस ने 6 विकेट गंवाकर एलएसजी को 181 रनों का जीत का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स ने 6 विकेट से जीत हासिल कर ली।

(समाप्त)